हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 17 जून 2024



# सड़क हादसे में दो की मौत

## अलग-अलग दो हादसे, दोनों में ट्रक की बाईक से भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाईक में सवार होकर आ रहे दो युवक उस समय दुर्घटना के शिकार हो गए, जब उनकी बाईक शहर के नेशनल हाईवे रामदरबार के पास ट्रक के पीछे जा घुसी। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात बाईक में सवार होकर दो युवक रायपुर की ओर से डोंगरगांव की ओर जा रहे थे। वे रात लगभग 11 बजे शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे रामदरबार चौक के पास पहुंचे ही थे कि कि सामने से जा रही ट्रक के पीछे जा घुसे। बताया गया कि इस घटना में बाइक सवार दुर्गाप्रसाद देवांगन 20 वर्ष की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया। घटना के समय यहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई थी। कोतवाली पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है। उक्त क्षेत्र में आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। अभी हाल ही में यहां ट्रैफिक सिग्नल भी शुरू किया गया है। बावजूद इसके दुर्घटनाएं हो रही है।

### राम दरबार चौक पर सिग्नल लगा, रात में बंद

*लगातार सड़क हादसे के बाद राम दरबार चौक में हाल ही में पुलिस विभाग ने ट्रैफिक सिग्नल लगाया है। इस सिग्नल में दिनभर तो पुलिस कर्मियो की तैनाती रहती है, लेकिन रात होते ही सिग्नल बंद होने के साथ ही पुलिस कर्मी भी हट जाते है। जबकि सर्वाधिक हादसे इस चौक में रात के वक्त ही देखने को मिले है। इस मामले में भी जब सड़क हादसा हुआ उस वक्त सिग्नल में आरेंज लाईट जल रही थी। तेज रफ्तार इस हादसे की वजह बना।*

## राम दरबार चौक बना नया हॉट स्पॉट, लगातार हादसे

**खास बातें**

- हेलमेट नही पहनना और तेज रफ्तार ही बन रहा मुख्य वजह
- लगातार हादसे से प्रशासन भी चिंतित बनेंगे हॉट स्पॉट



## गेहूं लेने बाईक से जा रहा था युवक, हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गेहूं लेने जा रहे मोपेड सवार को लापरवाही से भागती ट्रक ने ठोकर मार दिया। इस घटना में मोपेड सवार की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 14 जून को तिलईरवार निवासी नरसिंह कुंजाम अपने मोपेड स्कूटी में सवार होकर गेहूं लाने के लिए ग्राम कोलिहापुरी जाने के लिए निकले हुए थे। वे ग्राम टप्पा नेशनल हाईवे में पहुंचे ही थे कि लापरवाही से आ रही ट्रक ने मोपेड को पीछे से ठोकर मार दिया। भीड़त इतनी जोरदार थी कि हादसे में 1 की मौत हो गई।

### मृतक के सिर और कमर पर आई चोंट

ट्रक की ठोकर से नरसिंह के सिर व कमर में गंभीर चोंट लगी और अतड़ी बाहर आ गई थी। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी गौकरण कुंजाम ने दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। इधर हाईवे में लगातार बढ़ रही घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त होने लगा है। नेश्नल हाईवे में लगातार हो रहे सड़क हादसे में बाईक सवार ही मौत के घाट उतर रहे है।

# तीन सूत्रीय मांग को लेकर सहकारी समिति के कर्मियों की 18 को हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सहकारी समितियों में काम करने वाले कर्मचारी भी अब हड़ताल में जाने वाले है। आगामी 18 जून को इन कर्मचारियों द्वारा अपनी तीन सूत्रीय मांग को लेकर राजधानी में प्रदर्शन किया जाएगा। सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल का सीधा असर केसीसी ऋण वितरण के साथ ही खाद वितरण पर दिखेगा।

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महासचिव एवं राजनांदगांव संयुक्त जिला अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 2058 सहकारी समितियां में कार्यरत लगभग 13000 सहकारी समिति कर्मचारी अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी 18 जून को रायपुर में एक दिवसीय प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान रैली निकालकर प्रशासन को एक ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

उन्होंने बताया कि लंबे समय से यह मांगे की जा रही है, लेकिन अब तक इसमें सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने से अब संघ ने प्रदर्शन का निर्णय लिया है। सहकारी समितियों के हड़ताल में जाने से वर्तमान में प्रदेश में चल रही केसीसी ऋण वितरण, खाद बीज वितरण का कार्य प्रभावित होगा। यह प्रदर्शन प्रदेशभर के सहकारी समिति कर्मचारी राजधानी रायपुर में करेंगे।

### इन तीन मांग को लेकर प्रदर्शन

मिली जानकारी के अनुसार तीन सूत्रीय मांग में मध्य प्रदेश सरकार की भांति छत्तीसगढ़ के सभी सहकारी समितियों को प्रत्येक वर्ष 5-5 लाख प्रबंधकी अनुदान दिया जाए। धान खरीदी परिवहन सही समय में नहीं होने के कारण धान में आई सुखद की भरपाई सरकार द्वारा किया जाए। सेवा नियम 2018 का संशोधन जो लंबित है, तत्काल किया जाकर जारी किया जाए।

# आज से लुढ़केगा दिन का पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बस्तर संभाग में दस्तक दे चुका मानसून अब जल्द ही आगे बढ़कर अंचल तक पहुंचने वाला है। अगले 3 से 5 दिनों के भीतर मानसून के अंचल में दस्तक देने के पूरे आसार बने हुए हैं। इधर इस बीच अब आज से तापमान में कुछ राहत की संभावना है। दिन का तापमान कम होने के आसार बन गए हैं। वहीं आज अंचल के अधिकांश इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश देखने को भी मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि फिलहाल तापमान 38 डिग्री के करीब बना हुआ है।





संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
सामान्य सर्जरी General Surgeon
- सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन
- मुत्राश्य की पथरी का ऑपरेशन
- बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
- अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
- हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
- 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से एनजीओप्लास्टी की सुविधा

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई
प्रदेश के सुप्रसिद्ध पेट, आंत, लीवर एवं पैन्क्रियास रोग विषेशज्ञ
डॉ. अर्पण जैन
एमबीबीएस, एमडी (गोल्ड मेडलिस्ट), डीएम (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट)
कल आपके शहर राजनांदगांव में
हृदय रोग के लक्षण
भूक न लगना, एसीडिटी, पेट में दर्द, जलन, घाव,गांठ,पानी भरना, टी.वी. होना, लीवर में चर्बी जमना, आंतों का केंसर, हेपेटाईटिस, पित्त की नली में पथरी, खाना न पचना व अन्य
समस्त एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, ईआरसीपी प्रक्रियाएं
पैन्क्रियाटाइटिस एवं पैंक्रियाज के कैंसर का इलाज
दिनांक : 18 जून 2024, बुधवार
स्पर्श चाईल्ड केयर
बीएसएनएल माइक्रोवेब टॉवर के पास, भदौरिया चौक, जी.ई. रोड, राजनांदगांव
समय दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक
-: अग्रिम पंजीयन हेतु कॉल करें :-
7773010915, 7773010942
Deepak Advts.



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय का अभिनंदन



डोंगरगांव। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अप्रत्याशित प्रदर्शन करते हुए राज्य की 10 सीटों पर जीत दर्ज किया। इसी क्रम में भाजपा ने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में जीत हासिल किया था। बीते शनिवार को राजनांदगाव में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर सबका आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा, पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता, पूर्व पार्षद हेमंत चोपडा ने हिस्सा लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का अभिनंदन किया।

### श्रद्धा के साथ महेश की वंदना



डोंगरगांव। माहेश्वरी समाज ने नगर में धूमधाम से महेश नवमीं मनाया। समाज के ओमप्रकाश पोरवाल, संजय पोरवाल तथा राजेन्द्र डागा के आतिथ्य में माहेश्वरी समाज के महिला पुरूषों ने शिव की पूजा अर्चना किया। इस मौके पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मंडल ने श्री महेश वंदना, स्वागत गीत एवं बालिका मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी। सुंदर कांड का पाठ किया गया। कार्यक्रम में नारायण दास गांधी, रानीदान टावरी, शंकर लाल टावरी, प्रकाशचंद गांधी, जगदीश गांधी, सुनील टावरी, गोपाल टावरी, अमित गाँधी, उमेश टावरी, नरेन्द्र टावरी आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए। संचालन ध्रुव गांधी, सिद्धि गांधी और अंत में आभार प्रदर्शन सुनील टावरी ने किया।

### प्रतिनिधि मंडल ने अभियंता को सौंपा ज्ञापन



डोंगरगढ़। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ का 70 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष कौशल अग्रवाल के नेतृत्व में जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आऊट सोर्सिंग बंद कर वेतन का भुगतान बैंक के माध्यम से करने, विभिन्न डब्ल्यूपीएस में पारित नियमितीकरण के निर्णयों का पालन करने की मांग की गई। प्रमुख अभियंता ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### गुम युवती को मिलाया परिजनों से

डोंगरगढ़। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शुक्ला एवं एसडीओपी आशिष कुंजाम के निर्देश पर थाना प्रभारी सीआर चन्द्रा द्वारा अभियान चलाकर गुम इंसानों की तलाश किया जा रहा है। इसी क्रम में 22 वर्षीय युवती गत 29 जुलाई 2023 को बिना बताये कहीं चली गई थी जिसे गत 15 जून को सकुशल बरामद कर दस्तयाब किया गया है। लड़की से पूछताछ करने पर उसने अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताया। उसने अपने प्रेमी के साथ अपनी मर्जी से शादी कर साथ रहना बताया।

### शारीरिक दक्षता टेस्ट का आयोजन



डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय मैदान में पुलिस शारीरिक दक्षता एवं लिखित टेस्ट आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए पूरे जोश के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने कहा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, एसडीओपी कुंजाम, थाना प्रभारी सीआर चंद्रा, जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, जितेंद्र सिंग भाटिया, रामजी तराने, किरण मेश्राम, नरेश करसे, आयोजक किरण वर्मा, युवराज, डिकेन्द्र, ललित आदि उपस्थित थे।

### घर में आता है जल, मिट गई चिंता

मोहला। जल जीवन मिशन योजना के तहत वनांचल के अंदरूनी इलाके में सोलर ड्यूल पंप लगाया गया है। जिसके तहत हर घर में नल के जरिये पानी पहुंचाया जा रहा है। जिला मुख्यालय से करीब 25 किमी दूर मोहला विकासखंड के ग्राम रामगढ़ (आवासपारा) में सोलर टंकी लगा है। जिसमें 90 से अधिक घरों में पानी सुबह-शाम पहुंचती है। मीरनबाई तुलावी बताती हैं कि पहले हम सुबह से अन्यों कामों को छोड़कर हैंडपंप से पानी लाने जाते थे। अब नल लगने से घर से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। घर के नल में पानी आने से पेयजल की चिंता टल गई है। साथ ही समय भी बच जाता है। अरुण कुमार जुरेशिया ने बताया कि शासन की यह महत्वपूर्ण योजना है। जिससे गरीबों के घर में पानी आ रहा है। अब घर बैठे पानी मिल जा रहा है। जिसका उपयोग हम अपने दैनिक जीवन में कर रहे रहे हैं।

### स्टेट हाईवे के किनारे गंदगी का ढेर



डोंगरगांव। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वच्छता अभियान ब्लाक में केवल दिखावे तक सिमट कर रह गया है। अभियान का गाँवों में बेहद ही बुरा हाल है। अधिकारी भी इस मुहिम में रूचि दिखाने के बजाए केवल खानापूर्ति करने में लगे हैं जिसके चलते गाँवो में जहाँ तहां गंदगी का ढेर देखा जा सकता है। ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत आरी में स्वच्छता मिशन की जमकर बखिया उड़ रही है। हैरानी वाली बात यह है कि जिस स्टेट हाइवे से आए दिन कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित अन्य आला अधिकारी गुजरते है उसी के किनारे गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गंदगी के चलते स्टेट हाइवे बदसूरत तो हो गई है साथ ही वातावरण भी दूषित होने लगा है जिससे आने वाले समय मे रोगों के प्रकोप से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### राजस्व मामलों के निराकरण में संवेदनशीलता का दें परिचय

# लंबित राजस्व प्रकरणों को लेकर कलेक्टर की सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस. जयवर्धन ने बुधवार शाम राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में राजस्व अधिकारियों को सख्त हिदायत देते कहा कि आमजनों से लेकर किसानों को राजस्व संबंधी काम होते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण में बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता का परिचय देते निर्धारित समय में राजस्व प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को का निर्देश देते कहा कि आम जनता का राजस्व विभाग के प्रति विश्वास बढ़े इस बात का विशेष ध्यान रखें। आम जनता के साथ कुशल व्यवहार रखें और सहानुभूतिपूर्वक उनकी समस्याओं को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्रवाई करें। अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकरण को लंबित न रखें। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को समय-समय पर फील्ड में जाकर आम जनता के साथ भेंट-मुलाकात करने और उनकी समस्याओं को सुनने के साथ ही यथोचित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

## फील्ड में जाकर काम करें राजस्व कर्मचारी




### निर्धारित समय में निपटाएं प्रकरण

कलेक्टर ने तहसीलवार प्रकरणों की समीक्षा करते लंबित प्रकरणों का निराकरण तय समय-सीमा के भीतर करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि राजस्व मामलों को लेकर आम जनता से किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में कोताही बरतने, असंवेदनशीलता का परिचय देने की स्थिति में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमितनाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भू-स्वामियों को न हो परेशानी

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिन प्रकरणों की सुनवाई के लिए आम जनता व किसानों को राजस्व न्यायलय आना होता है, ऐसे प्रकरणों की सुनवाई में हितग्राही को सुनने का पूरा मौका दें। एक ही प्रकरण की सुनवाई के लिए बार-बार राजस्व न्यायलय ना बुलाया जाए। कलेक्टर ने बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों, मैदानी अमला के कर्मचारीयों, पटवारी को विभागीय कार्य में कसावट लाने और राजस्व से संबंधी मामलों के निराकरण में गंभीरता का परिचय देने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन, भू-अर्जन, डायवर्सन, अभिलेख सुधार, लंबित राजस्व न्यायालीन प्रकरण, आरबीसी 6 (4), लंबित राजस्व वसूली इत्यादि से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की।

## पुलिया बनाने जिपं सभापति विप्लव ने दिया दो लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगी आवाजाही की सुविधा

ब्लॉक के ग्राम पंचायत नवागांव में जिपं सभापति विप्लव साहू ने ग्राम विकास के लिए दो लाख की स्वीकृति दी। वनांचल के ग्रापं नवागांव के आश्रित ग्राम बरगांव में उपस्थित ग्रामीणों के बीच श्री साहू ने अपने 15वें वित्त के निधि से नुक्कड़ बैठक में सरपंच कृष्णा वर्मा, लछना सरपंच कमलेश वर्मा, मलेश कुंजाम, प्रकाश वर्मा, खिलावन धुर्वे, रामजी खुसरो आदि की मौजूदगी में पुलिया निर्माण की मांग पर राशि देने की घोषणा की।

इस दौरान विप्लव साहू ने राज्य और केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति के विकास को लेकर शासन द्वारा दी जाने वाली योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। वनांचल क्षेत्र में बसाहट होने के कारण विप्लव साहू ने स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, महिला बाल विकास और सड़क विभाग के बारे में भी स्थानीय ग्रामीणों से सुविधा-असुविधा के बारे में जानकारी ली। गौरतलब है कि चर्चा के दौरान सरपंच, सचिव सहित ग्रामीणों ने टेमरी से बरगांव, नवागांव, करेलागढ़ रोड पर पुलिया निर्माण को जनहित में आवश्यक बताया। जिसकी मांग उनके द्वारा पूर्व में सांसद, विधायक, कलेक्टर कार्यालय और लोक निर्माण विभाग में भी अनेक बार आवेदन देकर किया जा चुका है, लेकिन किसी ने पहल नहीं की। उन्होंने बताया कि पुलिया बहुत जर्जर स्थिति में है और बरसात में आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। इस दिशा में तुरंत पहल कर निर्माण की आवश्यकता है अन्यथा तक आवाजाही के लिए आमजन और प्रशासन को बड़ी मुश्किल आएगी। ग्रामीणों की आवश्यकता को देखते मौके पर ही जिपं सभापति विप्लव साहू ने अपनी निधि से दो लाख रुपए देने की घोषणा की, जिसे लेकर महिलाओं और पुरूषों ने जिपं सभापति विप्लव साहू का आभार जताया है।

## शिक्षकों की महत्ता समाज के लिए अनमोल है, वे बच्चों के भविष्य को आकार देते हैं



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने आज खैरागढ़ स्थित विज्ञान भवन में सभी स्कूल प्राचार्यों की शाला प्रवेश से पूर्व विभागीय कार्यकलापों को सुदृढ़ करने हेतु समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि नए सत्र में विद्यालय, संकुल एवं जिला स्तरीय शालाओं में प्रवेश उत्सव मनाया जाना है। जिसके लिए उन्होंने सम्पूर्ण तैयारी पहले से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित करते कहा कि विद्यालय खुलने से पूर्व शाला भवन की साफ-सफाई, फर्नीचर, बिजली, पानी इत्यादि की समुचित व्यवस्था हो। उन्होंने शिक्षा गुणवत्ता पर चर्चा करते सत्र 2024-25 में हाई स्कूल हायर सेकंडरी सर्टीफिकेट परीक्षा के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने हेतु तैयारी करने संबंधी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने छात्रों के शत-प्रतिशत विद्यालय प्रवेश संबंधी जानकारी लेकर आवशय निर्देश दिए। उन्होंने आरटीई अंतर्गत सत्र 2019-20 से 2023-24 तक प्रवेशित, ड्राप आउट एवं शासन से शुल्क प्रतिपूर्ति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में शाला प्रवेश उत्सव अंतर्गत न्यौता भोज का भी आयोजन किया जाना है। इसकी तैयारी सभी पहले से करना सुनिश्चित कर लें।

इस दौरान अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल ने शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और विद्यालय की साफ-सफाई पर ध्यान देने की बात कही। अपर कलेक्टर ने अंग्रेजी व जरनल नॉलेज जैसे विषयों पर ज्यादा जोर डालने की बात भी कही। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, प्रभारी सहायक संचालक डॉ. रश्मि खरे, प्रभारी जिला सहायक क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल व खैरागढ़ और छुईखदान विकासखंड के बीईओ, एबीईओ, बीआरसी उपस्थित रहे।

### शिक्षक निभाएं जिम्मेदारी

कलेक्टर वर्मा ने कहा कि शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों को समझे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का लक्ष्य होता है अपने छात्रों को अच्छे मानव बनाना, जो समाज में उनके भविष्य के लिए एक उच्च स्थान प्राप्त कर सकें। शिक्षकों को उन्हें न केवल अधिक ज्ञान प्रदान करने में मदद करनी चाहिए, बल्कि उन्हें उनके व्यक्तिगत विकास के लिए भी तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की महत्ता समाज के लिए अनमोल है। वे बच्चों के भविष्य को आकार देते हैं और समाज को उन बच्चों द्वारा विकासित भी करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भूमिका न केवल अध्यापन में होती है, बल्कि वे विद्यार्थियों के मानसिक, भावनात्मक, शारीरिक और सामाजिक विकास में भी भूमिका निभाते हैं। इस दौरान उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को भी बताते वर्तमान समय तक के सफर को सरल ढंग से साझा किया

## बल्देवपुर में एफएलएन का चार दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खैरागढ़। नई शिक्षा नीति अंतर्गत प्राथमिक शाला के शिक्षकों के लिए एफएलएन पर आधारित चार दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण बलदेवपुर जोन में हुआ। प्रशिक्षण के आखिरी दिन जोन अंतर्गत आने वाले 13 संकुलो के 65 प्रााॅमिक शालाओ मे पहली से तीसरी कक्षा तक पढ़ाने वाले शिक्षको को जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, बीईओं नीलम सिंह राजपूत, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, कन्हैया पटेल ने प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने कहा कि एफएलएन के लक्ष्य को सभी शिक्षक अपेक्षित दक्षता को ईमानदारी के साथ गुणवत्तापूर्ण हासिल करने लक्ष्य को गंभीरतापूर्वक समझे और अपने अपने स्कूल में शिक्षण कार्य मे इसका उपयोग करे। बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने एफएलएन की गंभीरता और शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी दाखिला के लक्ष्य को पाने प्रकाश डाला। बीआरसी सुजीत सिंह चौहान ने चार दिनी प्रशिक्षण दौरान लगातार प्रशिक्षण केन्द्र पहुँच प्रशिक्षणार्थियों कों एफएलएन के महत्व सहित आवश्यक जानकारी पर चर्चा की। एपीसी आत्माराम साहू ने एफएलएन से बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की। एसआरजी दूजराम साहू, डीआरजी बैनदास साहू, रामलाल साहू और गिरवर बंजारे ने प्रशिक्षण शिविर का संचालन किया। शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों को गर्मी से बचाने पर्याप्त व्यवस्था बनाए जाने पर अधिकारियों ने खुशी जताई। जोन प्रभारी यशवंत ठाकुर व चंद्रभान साहू प्रभारी प्राचार्य बल्देवपुर के द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई थी।

### अपना घर होने का सपना हुआ साकार, रात में नींद नहीं होती बेकार

मोहला। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लक्ष्मी सोनी ग्राम पंचायत विजयपुर विकासखंड मोहला को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पक्का आवास की सौगात मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत मिलने पर लक्ष्मी सोनी बताती है कि पहले जब कच्चे मकान में रहती थी तो बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था, लेकिन जब से आवास बना है, जीवन आसान हुआ है। उन्होंने बताया कि कच्चे मकान होने के चलते सबसे ज्यादा परेशानी बरसात के दिनों में होती थी, चैन से रात में सो भी नहीं पाते थे। अब पक्का मकान बन जाने से रात में नींद खराब नहीं होती है। बिना किसी चिंता के सुविधायुक्त मकान में परिवार के साथ चैन की नींद सोते हैं।

## सीईओ ने वनांचल में देखा विकास कार्य



मोहला। जिला पंचायत राजनांदगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने गत दिनों जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत विभिन्न ग्राम एवं ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत कोटरा एवं आड़ेझर में एसएलडब्ल्यूएम सेन्टर का निरीक्षण किया। यहां जहां स्वच्छताग्राही दीदियों से कचरा संग्रहण और यूजर चार्ज लेने पर चर्चा किया। गलियों में बहने वाली पानी को वाटर रिचार्ज से जोड़ने एवं गांव में स्वच्छता को बनाये रखने हेतु सचिव एवं बिहान की दीदियों को जागरूक करने और सभी गांव वालों को अंगूठा, लोटा और कुपोषण से मुक्ति दिलाने हेतु जागरूकता अभियान चलाकर दूर करने के निर्देश दिए। कोटरा में तालाब गहरीकरण का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत गोपलिनचुवा में जल संवर्धन संरचना, ग्राम पंचायत सांगली में वन नर्सरी तथा ग्राम पंचायत पीपरखार में पहाड़ी क्षेत्रों में जल संवर्धन एवं संरक्षण तथा वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण किया।

### महतारी वंदन योजना की राशि से तीर्थ दर्शन

मोहला। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रारंभ की गई महतारी वंदन योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही जीवन की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कारगार साबित हो रहा है। अमिताबाई निषाद ग्राम मेरेगांव अंबागढ़ चौकी को योजना का लाभ मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर किया है। उन्होंने महतारी वंदन योजना की प्रशंसा करते कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है, इस योजना से। जिससे मैं अपनी दैनिक जरूरत को बिना किसी परेशानी के पूर्ति कर पा रही हूं। उन्होंने बताया कि तीन किस्त की राशि से तीर्थयात्रा (उज्जैन) दर्शन करने गई थी। इसके साथ ही भोपाल, सिहोर, पंचमढ़ी जैसे पर्यटन स्थल भी घूमकर आई है। उन्होंने कहा कि कभी सपने में नहीं सोची थी।

### जिला ग्राम भारती का आयोजन

# सांसद ने किया अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण, नए 102 आचार्यों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा



सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल पटेवा में जिला ग्राम भारती राजनांदगांव के तत्वावधान में दस दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। राजनांदगांव, दुर्ग, कवर्धा, बेमेतरा, खैरागढ़, मानपुर मोहला के 102 आचार्य दीदी ने प्रशिक्षण वर्ग में भाग लिया।

प्रशिक्षक के रूप में संत राम साहू, शत्रुघ्न देवांगन, कैलाश चंद्रवंशी, नारायण दीप, विमला साहू, सुनीता साहू, त्रिवेणी यादव, कृतिका यादव, मधु जोशी, मीरा चंदेल, उमा सिन्हा, सीता पटले शामिल हुए। प्रतिदिन शाम को भारत माता की आरती की गई।

समापन समारोह में नवनिर्वाचित सांसद संतोष पांडेय शामिल हुए। उनके गांव पहुंचने पर आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। उन्हें लड्डू से तौला गया। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल पटेवा में सांसद निधि से निर्मित अतिरिक्त कक्ष का उद्घाटन किया। समारोह में डां. देवनारायण साहू, बुंदा वर्मा, कृष्णकुमार वैष्णव, मिथलेश कुमार साहू शामिल हुए।

इस अवसर पर जनपद सदस्य डोमार दास साहू, एलएल साहू, टीआर हिरवानी, चंद्रकांत देवांगन, युगराज जैन, मुरली प्रसाद साहू, जेआर साहू, हरीशंकर साहू, बहुर सिंग साहू, मानिक गुप्ता, प्रमोद दुबे, ललित साहू, अजय ठाकुर, गंगा दास वैष्णव, अलख साहू आदि शामिल हुए।

## निधन

### गोमतीदेवी अग्रवाल



डोंगरगढ़। अग्रसेन चौक निवासी गोमती देवी अग्रवाल पति स्व. शंकरलाल का आकस्मिक निधन हो गया।

उनका अंतिम संस्कार रविवार को स्थानीय छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।

### हर्षिता साहू

डोंगरगढ़। विकासखंड के ग्राम नागतराई निवासी जीवन साहू की पुत्री हर्षिता साहू का 4 वर्ष की अल्प आयु में गत 14 जून को रात्रि में आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन पर परिजनों एवं ग्रामीणों ने संवेदना प्रकट किया है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## सार समाचार

### नेपाल के उपप्रधानमंत्री ने किया शिवाली को सम्मानित



**खैरागढ़।** नेपाल मे आयोजित इंटरनेशनल क्लासिकल डांस फेस्टीवल मे संगीत विवि के कृत्थ नृत्य विभाग मे पदस्थ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शिवाली सिंह बैस को क्लासिक इंटरनेशनल सर्वश्रेष्ठ नृत्य शिरोमणि अवार्ड से सम्मानित किया गया। नेपाल मे एलआरआई फाउंडेशन एजुकेशनल ट्रस्ट व क्लासिक कल्चर सेंटर द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे डॉ शिवाली सिंह बैस को नेपाल के उप प्रधानमंत्री नारायण काजी श्रेष्ठा ने सम्मानित किया। कत्थक नृत्य के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान और उपलब्धि के लिए सम्मानित करते हुए उप प्रधानमंत्री नारायण काजी श्रेष्ठा ने कहा कि डॉ शिवाली सिंह बैस का कत्थक नृत्य के प्रचार प्रसार, विशिष्ट शैली सहित मंचीय प्रदर्शन क्लासिकल स्टुडेंट्स के लिए आने वाले समय मे महत्वपूर्ण आयाम साबित होगा। इस दौरान फाउंडेशन के संस्थापक स्वोजन रघुवंशी, चेयर पर्सन शिवराज पंत, प्राचार्य डॉ डॉ देवकांत जोशी सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम में संगीत विवि के 3 शिक्षकों और 20 से अधिक छात्रों को भी पुरुस्कृत किया गया। डॉ शिवाली सिंह बैस को सम्मानित किए जाने पर परिजनो सहित संगीत विवि स्टाफ ने बधाई दी है।

### पिता ही गुरु और सबसे अच्छा दोस्त है : कुरैशी



**मोहला।** जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रियाजुद्दीन कुरैशी ने कहा कि मेरा ऐसा मानना है कि पिता से अच्छा गुरु और उससे अच्छा दोस्त कोई दूसरा नहीं हो सकता। पिता ही आपका सबसे अच्छा मार्गदर्शक होता है और आपके लक्ष्य तक आपको पहुंचाकर दम लेता है। इसके पीछे पिता के त्याग, साधना और परिश्रम की जितनी भी बात करूं कम पड़ जाएगी।

### प्रभात, मिश्रीलाल विजयी



**राजनांदगांव।** श्री देवानंद जैन शिक्षण संघ की साधारण सभा की बैठक रखी गई। जिसमें ट्रस्टियों के चयन हेतु नाम आमंत्रित किए गए। ट्रस्ट मंडल के रिक्त सदस्यों के लिए आठ आवेदन आए। तत्पश्चात सचिव द्वारा चुनाव अधिकारी के रूप में प्रकाशचंद सांखला एडवोकेट एवं राजेश कुमार बाफना सीए को नियुक्त किया गया। मतगणना पश्चात प्रभात कांकरिया एवं मिश्रीलाल पारख को विजयी प्रत्याशी घोषित किया गया। साथ ही दानदाता परिवार से मनीष गोलछा को ट्रस्ट्री नियुक्त किया गया। संस्था के सचिव गौतम पारख ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### जूनियर मिस्टर इंडिया इंटरनेशनल 2024 बने रुद्रांश




**राजनांदगांव।** शहर के सृष्टि कॉलोनी निवासी रुद्रांश जैन ने जूनियर मिस्टर इंडिया इंटरनेशनल 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया है। उन्होंने ड्रीम स्टूडियो वेंचर्स की ओर से गोवा में आयोजित जूनियर मिस्टर इंडिया इंटरनेशनल 2024 की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। रुद्रांश ने इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया था। ड्रीम स्टूडियो वेंचर्स से जुड़े सोहेल शेख और अनुरिता ढोलकिया ने बताया कि जूनियर मिस्टर इंडिया इंटरनेशनल 2024 प्रतियोगिता के लिए देशभर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। गोवा में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने टैलेंट का प्रदर्शन किया। इस दौरान निर्णायक मंडल ने राजनांदगांव जिले के निवासी रुद्रांश जैन को जूनियर मिस्टर इंडिया इंटरनेशनल 2024 घोषित किया है। उनकी सफलता के लिए देशभर से लगातार बधाइयां मिल रही है। उन्होंने बताया कि तीन दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के लिए कई राउंड आयोजित किए गए थे। जिसमें प्रतिभागियों को अपनी क्षमता का पूर्ण प्रदर्शन करना था। प्रतियोगिता में टैलेंट राउंड, इंट्रोडक्शन, प्री फिनाले और फोटोशूट और ग्रैंड फिनाले, दो राउंड बीच वियर राउंड इंट्रोडक्शन के साथ और दूसरा राउंड टक्सीडो सूट वियर रहा। इन सभी राउंड में रुद्रांश जैन ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते जूनियर मिस्टर इंडिया इंटरनेशनल 2024 का खिताब अपने नाम किया। आयोजन में मुख्य अतिथि सचिन दानई व रेखा भोंगडे और रमेश बोरकुटे शामिल रहे, जो बॉलीवुड के मशहूर और मंझे हुए कलाकार है। वहीं निर्णायक मंडल में डॉ. गुरप्रीत कौर, अबू अल हर्षथ और डॉ. पूनम मदान शामिल रहे।

### किसानों को खाद-बीज समय पर उपलब्ध कराएं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, बीज निगम, कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने जिले के किसानों को मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज समय पर उपलब्ध कराने कहा। जिससे किसान बीज का सही समय में उपयोग कर सके और अच्छी पैदावार ले सके। उन्होंने किसानों को धान के बदले अन्य फसल लेने प्रोत्साहित करने कहा। छोटे किसानों को मिलेट्स, दलहन, तिलहन जैसी फसल लगाने प्रेरित करें। उन्होंने दलहन-तिलहन फसल बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा।

राज्यपाल व मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# संस्थापक परिवार की सदस्य ने कहा विवादित कार्यकाल है कुलपति का

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि संस्थापक परिवार की वरिष्ठ सदस्य 88 वर्षीय राजकुमारी उषा देवी सिंह ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर संगीत विवि के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कुलपति को हटाने की मांग की है।

प्रेषित पत्र में उषा देवी सिंह ने कहा की संगीत कला के संरक्षण और संपोषण के लिए 14 अक्टूबर 1956 को राजकुमारी इंदिरा की स्मृति में विवि की स्थापना की गई थी तब से लेकर 2020 तक यह प्रगति के अनेको सोपान तय करते हुए सतत आगे बढ़ता रहा है लेकिन वर्तमान कुलपति ममता चंद्राकर कि गलत नीतियों और कुछ चुनिंदा लोगों को विशेष महत्व देने के कारण विवि की साख बुरी तरह प्रभावित हो रही है इसका इसका सबसे बड़ा उदाहरण राष्ट्रीय मूल्यांकन व प्रत्यायन परिषद द्वारा विवि को सी ग्रेड देना है जबकि पांच साल पहले विवि पहले ही प्रयास में ए ग्रेड पाया था। राजकुमारी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास बेहतर विकल्प शिक्षा गुणवत्ता को नई शिक्षा नीति लागू की है, लेकिन इसे लागू करने विवि में अभी तक कोई पहल नहीं हुआ है। यहा सेमेस्टर सिस्टम को समाप्त कर परीक्षा के लिए वार्षिक पद्धति लागू किया गया है, जबकि देश के सारे विवि सेमेस्टर सिस्टम लागू कर विद्यार्थियों को लाभ दे रहे हैं। वर्तमान कुलपति के कार्यकाल में विकास कम विवाद ज्यादा को लेकर कहा कि खैरागढ़ महोत्सव में राजा-रानी व राजकुमारी इंदिरा की प्रतिमा की अनदेखी राजपरिवार की उपेक्षा, बस दुर्घटना में घायल बच्चों के उचित इलाज में लापरवाही रायपुर में ऑफ सेंटर खोलने का मामला या खैरागढ़ महोत्सव के खर्च की आर्थिक विषमता जैसे मामले सुर्खियों में रहे है।



#### आवश्यक कार्रवाई करने का किया अनुरोध

पत्र में राजकुमारी उषादेवी सिंह ने कहा है कि कुलपति की नियुक्ति 2 जुलाई 2020 को विवि अधिनियम 1956 छग संशोधित अधिनियम 2019 की धारा 12 की उप धारा 7 के अनुसार 5 साल का कार्यकाल पूरा होने अथवा 65 साल की आयु पूरा होने तक के लिए की गई है। नियम तहत 65 साल की आयु पूरा होने के कारण कुलपति का कार्यकाल 2 दिसंबर 23 को समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि 70 साल आयु का प्रावधान राजपत्र में 15 दिसंबर 2021 से किया गया है जिसमें 2021 से पूर्व नियुक्त कुलपति को इस प्रावधान का लाभ मिलने के संबंध में कोई उल्लेख नहीं है इसलिये वर्तमान कुलपति की सेवा समाप्त कर नई कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया की दिशा में पहल किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कुलपति को हटाने राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेनि शिक्षक बीआर यादव के अनशन को नैतिक समर्थन देते हुए पूरे मामले में आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है।

## बकरीद त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बकरीद का त्यौहार 17 जून को मनाया जाएगा, जिसे लेकर 16 जून को थाना डोंगरगढ़ में एसडीओपी. आशीष कुंजाम, तहसीलदार मुकेश कुमार ठाकुर, नायब तहसीलदार विजय साहू एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ सीआर चन्द्रा द्वारा शांति समिति बैठक आहुत किया गया।

उक्त बैठक में डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के सभी समुदाय वर्ग के लोग उपस्थित हुए। बैठक में सामाज के सभी वर्ग के लोगों के साथ मुस्लिम समुदाय के बकरीद त्यौहार को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई एवं चर्चा के दौरान मीटिंग में उपस्थित हुए सम्मानित नागरिकों से सुझाव प्राप्त कर एवं आवश्यक दिशा-निर्देश देकर शांति पूर्वक साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखते बकरीद त्यौहार मनाने की अपील की गई है।

# बिजली की समस्या, उच्च स्तरीय शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



न्यू चंद्रा कॉलोनी के निवासियों ने कॉलोनी में बिजली की आए दिन समस्या होने को लेकर उच्च स्तरीय शिकायत की है। बताया गया है कि बिजली ऑफिस लालबाग के अधिकारी-कर्मचारी शिकायत करो तो फोन रिसीव नहीं करते हैं। कॉलोनीवासियों ने न सिर्फ विधानसभा अध्यक्ष अपितु जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग और विभागीय मुख्य कार्यपालन अभियंता आलोक दुबे से शिकायत की है।

बताया गया है कि मोहल्ले में दो माह से लो-वोल्टेज की समस्या रोज 8-10 घंटे बिजली बंद रहती है। 1 से 2 फेस बंद रहने से की समस्या लगातार बनी हुई है। 2 से 5 मिनट में लाइन आती है, फिर बंद हो जाती है। जिससे घरों के विद्युत उपकरण खराब होने की आशंका बनी रहती है। इससे कॉलोनीवासी न दिन में चैन से सो पा रहे हैं न रात में नींद भर सो पा रहे हैं, अन्य तरह के कार्य भी अटक रहे हैं। कॉलोनीवासियों ने जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से इस समस्या के अभिलंब निराकरण की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से मुकेश साव, आदर्श वासनिक, अनिल हरिहारनो, श्याम शुक्ला, पप्पू, अफसर खान, संतोष सिह, गोपाल राय, मनीष साहू सहित न्यू चंद्रा कॉलोनीवासी उपस्थित थे।

# 9वीं से 12वीं के लिए विशेष व्यवस्था

- जेईई ,नीट ,सीए फाऊंडेशन के लिए नि:शुल्क विशेष कक्षाएं

**राजनांदगांव।** बोरी स्थित नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल खैरागढ़ रोड में 9वीं से 12वीं कक्षाओं के लिए विशेष कक्षाएं प्रारंभ की गई है। 11वीं-12वीं के छात्रों के लिए जेईई, नीट एवं सीए फाउंडेशन के लिए निःशुल्क अतिरिक्त कक्षाएं शाला परिसर में ही लगाई जा रही है। साथ ही इन विशेष कक्षाओं के लिए उच्च स्तरीय शिक्षक-शिक्षिकाओं की व्यवस्था स्कूल की ओर से की गई है, ताकि उन्हें बाहर जाकर और पढ़ाई करने की जरूरत न पड़े। इसके अलावा 9वीं के छात्रों के लिए फंडामेंटल्स कोर्स की अलग से कक्षाएं बच्चों को आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयार करने प्रारंभ की जा रही है। 9वीं एवं 11वीं कक्षाओं में जो बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, उनकी विशेष बैच बनाकर विषय विशेषज्ञों द्वारा अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर एक ऐसी व्यवस्था की गई है, ताकि बच्चों को अपने शहर में ही कॉम्पटीटिव एक्जाम की तैयारी एवं उनके डाउट क्लीयरिंग क्लासेस, चेप्टर वाइस टेस्ट द्वारा सतत उनका मूल्यांकन इत्यादि की व्यवस्था स्कूल द्वारा की जा रही है, ताकि बच्चों को बाहर न जाना पड़े।

संस्था के पूर्व छात्रों कविता साहू 616 /720, मुख्तार कुरैशी 608/720 ने नीट में एवं अनन्य अग्रवाल ने आईआईटी (जेईई एडवांस) में 261 ऑल इंडिया रैंक लाया है। यह शाला की अच्छी गुणवत्तायुक्त पढ़ाई का परिणाम है। संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने आग्रह किया है कि 9वीं एवं 11वीं के लिए जो अच्छी व्यवस्थाएं संस्था में की गई है, उसका लाभ आधिकाधिक छात्रों को उठाना चाहिए। 9वीं एवं 11वीं के छात्र जो 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें प्रवेश शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है एवं जो 80 प्रतिशत या उससे कम अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें प्रवेश शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

# समाज के लोगों को फोटो फ्रेम वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



लखोली के पूर्व पार्षद तथा साहू समाज नगर इकाई लखोली के अध्यक्ष डॉ. पोषण साहू ने साहू समाज नगर इकाई की ओर से बड़ी संख्या में कर्मा माता का फोटो फ्रेम समाज को उपलब्ध कराया है। यह फोटो फ्रेम लखोली के 18 पार मोहल्ले में प्रत्येक साहू परिवार में वितरित की जा रही है। इससे समाज में प्रसन्नता व्याप्त है।

लखोली साहू समाज नगर इकाई क्रमांक 01 के अध्यक्ष डॉ. पोषण साहू ने कहा कि साहू समाज का उद्देश्य तैलिक वंश के प्रत्येक घर में आराध्य देवी संत माता कर्मा की तस्वीर हो और उनकी प्रतिदिन पूजा हो, जिस तरह से कर्मा माता ने भगवान जगन्नाथ की आजीवन सेवा की, उनकी पूजा आराधना की। इस तरह हम सभी साहू बंधु को कर्मा माता की निस दिन पूजा करनी चाहिए।

श्री साहू ने कहा कि समाज की नई पीढ़ी को अपने कुल देवी-देवताओं और आराध्य देवी-देवताओं के सम्मान का पाठ अवश्य पढ़ना चाहिए। उन्होंने इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए घर-घर कर्मा माता की फोटो फ्रेम उपलब्ध कराने का निश्चय किया है। जिसको लेकर उन्होंने लखोली बैगापारा कर्मा भवन में 13 जून को समाज के लोगों को अपने हाथों से मां कर्मा के फोटो फ्रेम का वितरण किया है।

इस दौरान पोषणलाल साहू, छबिलाल साहू, जनकलाल साहू, डोमनलाल साहू, संतोष साहू, विष्णूराम साहू, सुरेश कुमार साहू, मनीष कुमार साहू, ईश्वर साहू, ओमप्रकाश साहू, सागर साहू, डेरहाराम साहू, जयश साहू, गजानंद साहू, राधेश्याम साहू, कमलचंद साहू, दीनूराम साहू, राधेश्याम साहू सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जिला मुख्यालय आगमन पर आभार रैली में सांसद पांडेय का नागरिक अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



लोकसभा के निर्वाचित सांसद संतोष पांडेय का जिला मुख्यालय आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। मां शीतला मंदिर इतवारी बाजार में जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य आतिशबाजी कर माला पहनाकर सांसद का स्वागत किया।

सांसद प्रतिनिधि व दिशा समिति के सदस्य भागवत शरण सिंह ने साफा पहनाकर व तलवार भेंटकर अभिनंदन किया। शीतला मंदिर से निकली विजय आभार रैली नगर के बक्शी मार्ग, गोल बाज़ार होते हुए राजीव चौंक पहुंची। मुख्य मार्ग पर सांसद पांडेय का स्वागत व्यापारियों और अन्य सामाजिक जनों ने किया। विजय आभार रैली में पूर्व विधायक कोमल जंघेल, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता,अजय जैन, राजीव चंद्राकर, आलोक श्रीवास, जिला महामंत्री रामाधार रजक, शशांक ताम्रकार, चंद्रशेखर यादव, उत्तम दशरिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी, अजय आहुजा, शिशिर मिश्रा, हर्षवर्धन वर्मा, आशीष वर्मा, शितांशु गुप्ता, नीलिमा गोश्वामी, गिरिजा चंद्राकर, प्रीति यादव, कीर्ति वर्मा, टिलेश्वर साहू, हेमू साहू, बिसेसर साहू, सुभाष सिंह राजपूत, सूरज देवांगन, लाल शौर्यदित्य सिंह, श्रेयांश सिंह, अनीस सिंह, विकेश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, चंदन गिरी गोश्वामी, गिरधारी दुबे, चेतन वर्मा, रामकुमार जोशी,स्वरुप वर्मा,शैलेन्द्र मिश्रा, गोरेलाल वर्मा, ज्ञानदास बंजारे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

#### जनता मोदी के साथ - संतोष पांडेय

कार्यकर्ताओं और नगरवासियों को सम्बोधित करते हुए सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि खैरागढ़वासियों ने दूसरी बार भी चुनाव जिताने में महती भूमिका निभाई है जिसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। केंद्र सरकार के माध्यम से पूर्व से जारी विकास कार्यों में तेज़ी आएगी। साथ ही नई परियोजनाओं पर काम होगा। सांसद ने कहा कि खैरागढ़ विधानसभा की जनता ने बता दिया कि वो प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के विज़न के साथ है।

# किसानों की जमीनों पर रसूखदारों का कब्जा भड़के कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

- राजस्व विभाग के खामियों को लेकर कलेक्टर सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक किसानों की जमीन को अपने नाम कर महंगे भाव में बेचने के खेल पर अब अंकुश लगाने की तैयारी कर ली गई है। पिछले कुछ सालों में किसानों को गुमराह तक उनकी जमीन पर कब्जा करने वाले बिल्डर और रसूखदारों की अब फाईल खोलने के निर्देश कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दिए हैं। कलेक्टर इन मामलों में राजस्व महकमे की खामियों को लेकर भी काफी नाराज हैं। उन्होंने सख्त हिदायत देते आगे इस तरह के कार्यों पर ब्रेक लगाने के आदेश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछली सरकार में किसानों की जमीन पर अवैध कब्जों को लेकर मची होड़ को देखते हुए अब कड़ाई शुरू हो गई है। राजनांदगांव जिले में सीमांकन के नाम पर कब्जा करने वाले अवैध बिल्डरों की सूची तैयार की जा रही है। बताया गया है कि चल रही भर्राशाही को देखते हुए इस मामले में कलेक्टर ने कड़ा रूख अपनाया है। हाल ही में एक ऐसा मामला नंदई में सामने आया था। जिसके बाद से पूरे जिले की फाईले खुलना शुरू हो गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक राजनांदगांव जिले में पिछले शासनकाल के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के कारनामें अब जग जाहिर हो रहे हैं। पिछले कुछ सालों से राजस्व अभिलेखों के बंदोबस्त न होने का अनुचित लाभ कुछ बड़े बिल्डरों ने उठाया है। राजस्व विभाग और बिल्डरों से सांठगांठ का नतीजा यह हुआ है कि मनमानी सीमांकन कर किसानों की जमीन कब्जे में ले ली गई है। जिसके कारण राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली से किसान पूरी तरह से खफा हैं। कुछ राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारियों ने नियमों को ताक में रखकर ऐसा काम कर दिया है, अगर निष्पक्षता से जांच कराई गई तो कई सलाखों के पीछे होंगे।

#### ऐसे कई मामले

हाल ही में एक ऐसा मामला सामने आया है। जिसमें ग्राम नंदई पटवारी हल्का नं. 41 में वर्ष 2021 में सीमांकन की आड़ लेकर एक कृषक की भूमि को शहर के ही बड़े बिल्डर को नापकर दे दिया गया है। जबकि वास्तव में दस्तावेज कुछ और ही कहानी कह रहे हैं। दस्तावेजों का अवलोकन करने से यह स्पष्ट होता है कि सीमांकन के दौरान आसपास के किसानों को किसी भी प्रकार की सूचना न देकर षड्यंत्रपूर्वक बिल्डर के हिसाब से सीमांकन कर दिया गया है। यह मामला अब कलेक्टर के संज्ञान में पहुंचा है। इस तरह के जितने भी सीमांकन हैं, सभी में जांच के निर्देश दिए जाने के संकेत प्राप्त हुए हैं।

## पदुमतरा में आज से नि:शुल्क योग शिविर

**राजनांदगांव।** ग्राम पदुमतरा में निःशुल्क योग शिविर का आयोजन कल 17 से 21 जून तक होगी। शिविर प्रभारी डॉ. हर्षा दुबे ने बताया कि संचालनालय आयुर्वेद योग शिविर एव प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एव होम्योपैथी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के योजनानुसार जिला आयुर्वेद अधिकारी राजनांदगांव के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर ग्राम पदुमतरा में आयोजित होगी। 21 जून तक चलने वाले निःशुल्क शिविर में सुबह 6 बजे से मोटापा, बीपी, शुगर, थायराइड, साइटिका एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी साध्य और असाध्य रोगों से योग आयुर्वेद प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से कैसे मुक्त हो सकते हैं, इस बारे में विस्तार से जानकारी एवं क्रियात्मक प्रशिक्षण दी जाएगी। सरपंच ललिता साहू ने क्षेत्र के ग्रामीणों से अधिक संख्या में आकर योग शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

नियमित स्वास्थ्य जांच की दी जा रही जानकारी

# कुपोषण मुक्ति के लिए पालकों का चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला प्रशासन द्वारा जिले को कुपोषण मुक्त बनाने पोट्ठ लईका अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रत्येक शुक्रवार को पालक चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बच्चों के सुपोषण के लिए पौष्टिक आहार देने एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए सुझाव हेतु पालक चौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए थे।

इसी तारतम्य में जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में यूनिसेफ तथा एबीस इंडिया के समन्वय से राजनांदगांव, छुरिया और डोंगरगांव के महिला एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षकों तथा स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ एवं एनआरएलएम के मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मैदानी स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, एएनएम, बिहान समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के बाद राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं छुरिया विकासखंड के कुल 241 आंगनबाड़ी केन्द्रों के 3413 कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने लक्षित किया गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरप्रीत कौर ने बताया कि पोट्ठ लईका अभियान के तहत बच्चों को कुपोषण मुक्त करने परिवार में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रत्येक शुक्रवार को पालक चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कुपोषित बच्चों के पालकों को विशेष रूप से माताओं को बच्चों के पोषण हेतु आवश्यक जानकारी, तिरंगा भोजन, टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य जांच, समय पर अतिरिक्त आहार की जानकारी दी जा रही है, जो बच्चे सुपोषण की श्रेणी में है, उनकी माताओं को सम्मानित किया जा रहा है तथा उनके माध्यम से कुपोषित बच्चों की माताओं को प्रेरित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि चौपाल में किशोरी बालिकाओं तथा नवविवाहित महिलाओं को भी आमंत्रित कर उन्हें स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

साथ ही प्रत्येक बुधवार को सुघ्घर बुधवार के तहत कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं का हिमोग्लोबिन परीक्षण किया जा रहा है। जिससे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा एवं पोषण के माध्यम से 6 माह में लक्षित कुपोषित बच्चों को सुपोषित किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय का अभिनंदन


**डोंगरगांव।** लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अप्रत्याशित प्रदर्शन करते हुए राज्य की 10 सीटों पर जीत दर्ज किया। इसी क्रम में भाजपा ने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में जीत हासिल किया था। बीते शनिवार को राजनांदगाव में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर सबका आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा, पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता, पूर्व पार्षद हेमंत चोपडा ने हिस्सा लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का अभिनंदन किया।

### श्रद्धा के साथ महेश की वंदना

**डोंगरगांव।** माहेश्वरी समाज ने नगर में धूमधाम से महेश नवमीं मनाया। समाज के ओमप्रकाश पोरवाल, संजय पोरवाल तथा राजेन्द्र डागा के आतिथ्य में माहेश्वरी समाज के महिला पुरूषों ने शिव की पूजा अर्चना किया। इस मौके पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मंडल ने श्री महेश वंदना, स्वागत गीत एवं बालिका मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी। सुंदर कांड का पाठ किया गया। कार्यक्रम में नारायण दास गांधी, रानीदान टावरी, शंकर लाल टावरी, सुनील टावरी, गोपाल टावरी, अमित गाँधी, उमेश टावरी, नरेन्द्र टावरी आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए। संचालन ध्रुव और अंत में आभार प्रदर्शन सुनील टावरी ने किया।

### प्रतिनिधि मंडल ने अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ का 70 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष कौशल अग्रवाल के नेतृत्व में जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आऊट सोर्सिंग बंद कर वेतन का भुगतान बैंक के माध्यम से करने, विभिन्न डब्ल्यूपीएस में पारित नियमितीकरण के निर्णयों का पालन करने की मांग की गई। प्रमुख अभियंता ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही का आश्वासन दिया।




### राजस्व मामलों के निराकरण में संवेदनशीलता का दें परिचय

# लंबित राजस्व प्रकरणों को लेकर कलेक्टर की सख्त हिदायत

## फील्ड में जाकर काम करें राजस्व कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

कलेक्टर एस. जयवर्धन ने बुधवार शाम राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में राजस्व अधिकारियों को सख्त हिदायत देते कहा कि आमजनों से लेकर किसानों को राजस्व संबंधी काम होते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण में बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता का परिचय देते निर्धारित समय में राजस्व प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को का निर्देश देते कहा कि आम जनता का राजस्व विभाग के प्रति विश्वास बढ़े इस बात का विशेष ध्यान रखें। आम जनता के साथ कुशल व्यवहार रखें और सहानुभूतिपूर्वक उनकी समस्याओं को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्रवाई करें। अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकरण को लंबित न रखें। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को समय-समय पर फील्ड में जाकर आम जनता के साथ भेंट-मुलाकात करने और उनकी समस्याओं को सुनने के साथ ही यथोचित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।





### भू-स्वामियों को न हो परेशानी

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिन प्रकरणों की सुनवाई के लिए आम जनता व किसानों को राजस्व न्यायलय आना होता है, ऐसे प्रकरणों की सुनवाई में हितग्राही कों सुनने का पूरा मौका दें। एक ही प्रकरण की सुनवाई के लिए बार-बार राजस्व न्यायलय ना बुलाया जाए। कलेक्टर ने बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों, मैदानी अमला के कर्मचारीयों, पटवारी को विभागीय कार्य में कसावट लाने और राजस्व से संबंधी मामलों के निराकरण में गंभीरता का परिचय देने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन, भू-अर्जन, डायवर्सन, अभिलेख सुधार, लंबित राजस्व न्यायालीन प्रकरण, आरबीसी 6 (4), लंबित राजस्व वसूली इत्यादि से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की।

### निर्धारित समय में निपटाएं प्रकरण

कलेक्टर ने तहसीलवार प्रकरणों की समीक्षा करते लंबित प्रकरणों का निराकरण तय समय-सीमा के भीतर करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि राजस्व मामलों को लेकर आम जनता से किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में कोताही बरतने, असंवेदनशीलता का परिचय देने की स्थिति में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमितनाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सर्पदंश व बिच्छू के काटने पर फूंक-झाड़ के चक्कर में ना पड़े ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी व उमस के बाद अंचल में हल्की बारिश सें सांप-बिच्छू खेत-खलिहान व घर-आंगन व खुले में निकलकर आने लगे हैं। वहीं जिले में सांप व बिच्छू काटने की मामला सामने आ चुके हैं।




हालांकि स्वास्थ्य विभाग को जिले में अलर्ट रहने का जरूर होना चाहिए। विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों का कहना है कि सांप-बिच्छू काटने पर लोग फूंक-झाड़ के चक्कर में समय न गंवाए बल्कि समय पर मरीज को इलाज कराने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध है। मिली जानकारी के अनुसार बरसात के मौसम में अंधेरे में न बैठें, सांप के काटनें पर घबराएं नहीं बल्कि संयमित रहें, ज्यादा घबराने से व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। ऐसे में सावधानी बरती जाए तो इनसे बचा जा सकता है।

सांप-बिच्छू आमतौर पर जमीन के अंदर या बिल में रहते हैं तथा गर्मी, उमस व बारिश के समय ये खुले में आ जाते हैं। कई बार लोग सर्पदंश का शिकार हो जाते हैं। इन दिनों शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में खेत-खलिहान में छिपे जहरीले सर्प और बिच्छू बाहर निकल रहे हैं। ये खेतों के पास सड़कों व गली-मोहल्ले तथा घर-आंगन के आस-पास भी संर्प व बिच्छू दिख जा सकते है।

## सड़क के दोनों किनारे शोल्डर में उग आए झाड़िया, साफ-सफाई की मांग



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र प्रधानमंत्री सड़क के दोनों किनारे शोल्डर पर नुकीले कांटेदार व झाडियां उग आए हैं, जिससे मोटर सायकल व चार पहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नुकीली व कांटेदार झाड़िया उग आने से राहगीर सड़क हादसे का शिकार हो रहें है। जिस पर ग्रामीणों व रहवासियों नें जिम्मेदार ठेकेदारों व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा शोल्डर किनारे झाड़ियों की साफ-सफाई कि मांग की गई ताकि राहगीरों व ग्रामीण को आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कतें व परेशानी ना हों।

# ग्रामीण किसान खेत में गोबर खाद डालने में जुटें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण किसान परंपरागत तरिके से अपने-अपने खेतों में देशी गोबर खाद डालने मे जुटें हुए है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार देशी गोबर खाद डालने से ऊर्वरक शक्ति व फसल की अच्छी पैदावार के लिए ग्रामीण किसानों द्वारा अपने अपने खेतों में देशी गोबर खाद डालने जोर शोर से कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि घर से निकलने वाले कूड़ा-कचरा व गोबर को एक गड्ढे में एकत्रित करते हैं जो खाद बनाकर तैयार होते हैं, जिसे देशी खाद कहते हैं इस देशी खाद को खेत-खलिहान में डालने से खेतों में ऊर्वरक शक्ति व अच्छी फसल की पैदावार होते हैं। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि देशी गोबर खाद यूरिया, पोटाश, सुपरफास्ट व डीएपी खाद नहीं थे पहले तब किसानों गोबर खाद का इस्तेमाल कर फसलों की अच्छी पैदावार करते थें वहीं आज भी ग्रामीण क्षेत्रों मे देशी गोबर खाद परंपरागत सें उपयोग कर रहें है। जिससे मनुष्य के स्वास्थ्य शरीर व लाभदायक होता है, जिससे मानव के स्थस्थ्य पर कम प्रभाव पड़ता हैं, इस लिए ग्रामीण क्षेत्रों में देशी गोबर खाद का उपयोग जोर शोर से किया जाता है।

# पुलिया बनाने जिपं सभापति विप्लव ने दिया दो लाख

**हरिभूमि न्यूज : खैरागढ़ :** ब्लॉक के ग्राम पंचायत नवागांव में जिपं सभापति विप्लव साहू ने ग्राम विकास के लिए दो लाख की स्वीकृति दी। वनांचल के ग्रापं नवागांव के आश्रित ग्राम बरगांव में उपस्थित ग्रामीणों के बीच श्री साहू ने अपने 15वें वित्त के निधि से नुक्कड़ बैठक में सरपंच कृष्णा वर्मा, लछना सरपंच कमलेश वर्मा, मलेश कुंजाम, प्रकाश वर्मा, खिलावन धुर्वे, रामजी खुसरो आदि की मौजूदगी में पुलिया निर्माण की मांग पर राशि देने की घोषणा की। इस दौरान विप्लव साहू ने राज्य और केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति के विकास को लेकर शासन द्वारा दी जाने वाली योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। वनांचल क्षेत्र में बसाहट होने के कारण विप्लव साहू ने स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, महिला बाल विकास और सड़क विभाग के बारे में भी स्थानीय ग्रामीणों से सुविधा-असुविधा के बारे में जानकारी ली। गौरतलब है कि चर्चा के दौरान सरपंच, सचिव सहित ग्रामीणों ने टेमरी से बरगांव, नवागांव, करेलागढ़ रोड पर पुलिया निर्माण को जनहित में आवश्यक बताया। जिसकी मांग उनके द्वारा पूर्व में सांसद, विधायक, कलेक्टर कार्यालय और लोक निर्माण विभाग में भी अनेक बार आवेदन देकर किया जा चुका है, लेकिन किसी ने पहल नहीं की।




# ग्राम पंचायत कोलेगांव में ग्राम सेवक नहीं बैठने सें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण परेशान

- ग्रामीण किसानों को खाद-बीज व अन्य जानकारियां नहीं, लोग हलाकान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में ग्राम सेवक कार्यालय में नहीं बैठने के कारण आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसानों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना पड़ रहा है। क्योंकि ग्रामीण किसानों को खेती-किसानी के बारे में जानकारी नहीं मिल पा रही है, जिस पर ग्रामीणों नें जिम्मेदारों को ग्राम पंचायत कोलेगांव में ग्राम सेवक को कार्यालय में बैठन कि मांग की गई ताकि आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसानों से पूछताछ कर ग्राम सेवक में कौन-कौन सा बीज आया है व खेती-किसानी के लिए विस्तृत जानकारियां एवं खाद-बीज भी बारे में परिचर्चा किया जा सकें।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सेवक कार्यालय में कितने समय, कब बैठते हैं आसपास क्षेत्र के किसानों को पता ही नहीं चलता जिस कारण ग्रामीण किसानों को खेती-बॉड़ी की कोई जानकारी नहीं मिल पर रही है। जिस पर ग्राम कोलेगांव व आसपास क्षेत्र के किसानों ने जिम्मेदारो सें मांग कर ग्राम सेवक को ग्राम पंचायत कोलेगांव में बैठना अति-आवश्यक है ताकि किसानों को ग्राम सेवक से विस्तृत जानकारी मिल सकें।




## तीन दिवसीय समर कैंप में विविध कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल मे तीन दिवसीय समर कैंप का 15 जून को समापन किया गया गया। भीषण गर्मी व उमस भरे इस वातावरण को खुशनुमा बनाने के लिए बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के उद्देश्य से श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल में 13 सें 15 जून तक तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस समर कैंप में लगभग 25 प्रकार की गतिविधियां रखी गई, जिसमे कुकिंग, जुम्बा डांस, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, रंगोली, मेंहदी, स्पोकन इंलिश, निशाने बाजी, लूडों, सांप सीढ़ी, कैरम, चैस, संगीत में कक्षा नर्सरी से 8वीं तक छात्र-छात्राओं नें इस गतिविधि कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही साथ विद्यार्थियों ने तीन दिवसीय इस रैन डांस का जमकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या एम शारदा व प्रबंधक डॉ आदित्य चंद्रवंशी व शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप

### मौसम वैज्ञानिकों ने जारी किया येलो अलर्ट

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ में कल से याने 17 जून से मानसून की बारिश रंग दिखा सकती है। मौसम विभाग की माने तो कल से छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले सहित कई अन्य जिलों में झमाझम बारिश शुरू हो सकती है। माना जा रहा है कि अगर मौसम वैज्ञानिकों की यह भविष्यवाणी सही होती है तो लोगों को इन दिनो पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से राहम मिल सकती है। मौसम विभाग ने 17 जून को कबीरधाम जिले के अलावा सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, दुर्ग, कांकेर, धमतरी, गरियाबंद, बलोद, राजनांदगांव, रायपुर, महासमुंद, बेमेतरा, बलौदाबाजार, मुंगेली, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, जशपुर में येलो अलर्ट जारी करते हुए आंधी तूफान के साथ जोरदार बारिश की संभावना व्यक्त की है।

### मत्स्याखेट 15 अगस्त तक पूर्णतः प्रतिबंधित

**कवर्धा।** मत्स्य पालन विभाग के सहायक संचालक आरडी सिंह ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में छत्तीसगढ़ नवीन मत्स्य पालन अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक समस्त नदियों, नालों तथा छोटे नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय निर्मित किये गये हैं। सभी में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### आयोजन: राजपूत क्षत्रिय समाज ने धूमधाम से मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

# गौरव गाथाओं से परिपूर्ण है राजपूत क्षत्रिय समाज का इतिहासः डॉ.रमन सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 16 जून रविवार को राजपूत क्षत्रिय समाज कवर्धा द्वारा नगर में भारत के शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक, सनातन धर्म रक्षक, युग पुरुष महाराणा प्रताप की 484 वीं जयन्ती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज द्वारा जहां भव्य शोभायात्रा निकाली गई वहीं कई अन्य कार्यक्रम भी अरयोजित किए गए। शोभायात्रा के पूर्व समाज द्वारा स्थानीय शौर्य भवन एक विशाल का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थिति थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने की। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, केंद्रीय अध्यक्ष राजपूत क्षत्रिय समाज 3738 दारा सिंह, केंद्रीय उपाध्यक्ष राजपूत क्षत्रिय समाज 3738 अनिल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक सहित पांचो परिक्षेत्र के अध्यक्षगण सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला, पुरूष, बच्चे तथा युवा उपस्थित थे। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.रमन सिंह ने कहा कि मेरे लिए यह शौभाग्य का विषय है कि मुझे राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा भारत के शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। उन्होने महाराणा प्रताप के योगदान और उनके गौरवशाली इतिहास, शौर्य का जिक्र करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप के विषय जीतना जानो उतना अपने अंदर ऊर्जा का संचार होता है। हमे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। नई पीढ़ी को उनकी शौर्य गाथा सुनानी और बतानी चाहिए। उन्होंने इस दौरान अपने राजनीतिक जीवन के शुरुआती संघर्ष को याद करते हुए कहा इस समाज और इसी वार्ड के सहयोग से मैं पार्षद से लेकर तीन बार मुख्यमंत्री तक का 40 वर्षों का राजनैतिक सफर बेदाग तय किया हूं। उन्होंने आयोजन के लिए समाज को बधाई दी ।







### नगर में समाज ने निकाली विशाल शोभायात्रा

स्थानीय शौर्य भवन में सभा के आयोजन के बाद राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा महाराणा प्रताप की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शौर्य भवन से गाजे, बाजे, धुमाल, डीजे तथा आतिशी धमाकों के साथ निकाली गई शोभायात्रा ठाकुर पारा, दर्री पारा, ऋषभदेव चौक, एकता चौक, सिग्नल चौक, बस स्टैण्ड, गुरूनानक गेट होते हुए वापस शौर्य भवन पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल युवक व युवतियों का जोश देखते ही बन रहा था। उन्होने शोभायात्रा में अपने शौर्य का शानदार प्रदर्शन करते हुए शस्त्र कला प्रदर्शित की। समाज के इन युवाओं और युवतियों की शस्त्र कला को देख लोग दांतो तले ऊंगलियां दबाने मजबूर हो गए। वहीं दूसरी तरफ युवा डीजे और धुमाल की धुन में थिरकते नजर आए। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग शामिल थे।

### मन में कभी गुरुर ना आए, समाज की सेवा करते जिंदगी कट जाए: विजय शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान करे मन में कभी गुरुर ना आए, समाज की सेवा करते मेरी जिंदगी कट जाए। इस दौरान श्री शर्मा ने स्थानीय क्षत्रिय समाज की ओर से प्रस्तुत सभी मांग पत्रों को स्वीकार करते हुए और सभी मांगों के लिए अपनी हामी देते हुए कहा कि यह समाज सनातनी परंपरा और मान बिंदुओं के लिए प्राण लगा देने वाला समाज है। जब-जब भी सनातनी समाज में कोई परेशानी होती है, तब-तब इस समाज के नौजवान महाराणा प्रताप को याद करते हुए समाज की सेवा में उपस्थित हो जाते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप हम सबके आदर्श हैं, आराध्य हैं, देवता समान हैं। द्वंद्व कहां तक पाला जाए, युद्ध कहां तक टाला जाए, तू भी राणा का वंशज, फेंक जहां तक भाला जाए। इन पंक्तियों के साथ उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सभा में गर्वित भावों की तरंगें बिखेर दीं। समारोह में सियाराम साहू, अशोक साहू, अशोक ठाकुर सहित सामाजिक महिला, पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पहले पति ने जहर सेवन कर की आत्महत्या फिर पत्नी ने लगा ली फांसी, आपसी कलह के बीच दे दी जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिल्फीघाटी

जिले के वनांचल क्षेत्र चिल्फीघाटी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम साल्हेवारा से सनसनीखेज और हृदय विदारक घटना सामने आई है जहां पति-पति ने आपसी कलह के बीच आत्महत्या कर अपनी जान दे दी।

पुलिस ने घटना की सूचना के बाद मर्ग कायम कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम साल्हेवारा निवासी चैतू बैगा पिता अगनू बैगा उम्र 28 वर्ष का अपनी पत्नी के बैसाखीन बैगा उम्र 26 वर्ष के साथ पारिवारिक कलह के चलते हमेशा वाद विवाद होते रहता था। बताया जाता है कि 14 जून की रात करीब 11.00 बजे दोनो अपने घर पर ही मौजूद थे और एक बार फिर उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया।

लेकिन इस बार विवाद इतना बढ़ा की अपना आपा खोते हुए चैतू ने घर में रखी जहरीली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जिसके बाद उसकी तबियत बिगड़ने लगी और उसे आननफानन में जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। लेकिन ईलाज के दौरान 15 जून को उसकी मौत हो गई। जिस पर अस्पताल प्रशासन की सूचना पर कवर्धा कोतवाली में मर्ग कायम किया। वहीं दूसरी तरफ अपने पति चैतू बैगा की मौत की खबर सुनकर यहां साल्हेवारा में उसकी पत्नी बैसाखीन बैगा उम्र 26 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

जिसकी जानकारी चिल्फी पुलिस को मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। इस सनसनी खेज और हृदय विदारक घटना से जहां मृतकों के परिवार में शोक व्याप्त है वहीं गांव में मातम छाया हुआ है।

# पति की प्रताड़ना से त्रस्त महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- चार दिन बाद सरोधा के जंगल में मिला महिला का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली अंतर्गत ग्राम खैरबना जंगल निवासी एक विवाहिता ने अपने पति की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। मृतका का शव सरोधा के जंगल में फांसी के फंदे में लटका मिला है।

घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी नहीं मिल पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खैरबना जंगल निवासी पुष्पा साहू पति नेवाल साहू आयु करीब 35 वर्ष अपने शराबी पति की प्रताड़ना से काफी त्रस्त थी।

बताया जाता है कि पति की शराबखोरी के चलते दोनो के बीच अक्सर विवाद विवाद होते रहता था और पति अपनी पत्नी को प्रताड़ित करता था। जिससे त्रस्त होकर पुष्पा बीते 11 जून को अपने घर से बिना किसी को कुछ बताए भाग गई। जिसके बाद परिजनो द्वारा उसकी यहां वहां तलाश की गई लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। बाद में पुष्पा की गुमसुदगी कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराई। पुलिस उसे तलाश रही थी कि इसी बीच खोजबीन के दौरान सरोधा के जंगल में एक महिला का शव फांसी के फंदे में लटका मिला।

जिसकी पहचान बाद में पुष्पा साहू के रूप में की गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया और विवेचना को दौरान जो तथ्य सामने आए उसके आधार आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। लेकिन अभी तक आरोपी पति की गिरफ्तारी के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

# सांसद संतोष पांडेय की जन आभार रैली आज कवर्धा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से दूसरी बार सांसद निर्वाचित होने के बाद सांसद संतोष पांडेय का आज सोमवार को दोपहर 3 बजे प्रथम कवर्धा आगमन होगा। इसको लेकर जिला भाजपा द्वारा जोरदार स्वागत की तैयारी की गई है।



सर्वप्रथम रायपुर बायपास चौक से भाजयुमो द्वारा बाइक रैली के माध्यम से सांसद पांडेय का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद नगर के ठाकुरदेव चौक में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा सांसद पांडेय का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद सांसद संतोष पांडेय व पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा जन आभार रैली निकालकर चुनाव में आशीर्वाद प्रदान कर विजय दिलाने के लिए देवतुल्य जनता का आभार व्यक्त किया जाएगा। नगर के मुख्य मार्ग में भ्रमण कर रैली का समापन जिला भाजपा कार्यालय में होगा। यहां सांसद द्वारा पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया जाएगा।


कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। सांसद संतोष पांडेय ने कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हराकर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार सांसद बनने का इतिहास रच दिया है। जिसे लेकर उनके समर्थकों और अंचल के भाजपा कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों में भारी खुशी तथा हर्ष देखने को मिला रहा है। समर्थकों द्वारा सांसद श्री पाण्डेय के नगर आगमन तथा जन आभार रैली को लेकर जोरदार तैयारियां की जा रहा है।

# बलौदाबाजार घटना को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन 18 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने और आदर्श आचार संहिता हटने के बाद प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने अपने पहले धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री मो. अकबर भाई एवं धरना प्रदर्शन के जिला प्रभारी व खुज्जी विधायक भोला राम साहू के आदेशानुसार तथा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरी राम साहू के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा 18 जून को दोपहर 12 बजे बलौदाबाजार में हुए घटना क्रम को लेकर भाजपा सरकार के विरोध में 1 दिवसीय धरना प्रदर्शन का ऐलान किया गया है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरी राम साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के ग्राम -महकोनी में जैतखाम के अपमान व तोड़फोड़ मामले में संतोषप्रद कार्यवाही न होने की स्तिथि में सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित रैली के दौरान उग्र प्रदर्शन से जिला कलेक्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित परिसर में हुई, आगजनी से सैकड़ों की संख्या में दो पहिया/ चार पहिया वाहनों एवं शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंची है। उन्होने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार की नाकामियों लचर कानून -व्यवस्था के चलते जिला मुख्यालय में इस प्रकार की घटना घटित हुई है, जिसका परिणाम जिले के आम जनता एवं निर्दोषजनो को भुगतने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जिसके विरोध में कांग्रेस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अपनी मांग शासन के समक्ष रखेगी। श्री साहू ने कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता, सभी ब्लाक अध्यक्ष, शहर अध्यक्ष वरिष्ठजन, जोन, सेक्टर, वार्ड/ बूथ के प्रभारी, जिला व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी आदि को धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

## शोभायात्रा...



कवर्धा। राजपूत क्षत्रिय समाज ने महाराणा प्रताप जयंती के मौके पर कवर्धा नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा।

### भुगतान के आभाव में आर्थिक तंगी का सामना कर रहे गन्ना उत्पादक किसान

# गन्ना फसल बेंचने के महिनो बाद भी भुगतान की बाट जोह रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानो को स्थानीय लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना में अपने खून पसीने से सींच कर तैयार की गई गन्ना की फसल बेंचने के करीब पांच माह बाद भी भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। जिसे लेकर अब गन्ना उत्पादक किसानो में चिंता साफ दिखाई देने लगी है। क्षेत्र के ग्राम कोलेगांव, धनेली, भगतपुर, रूसे, बसनी, सेमरकोना सहित अन्य गावों के गन्ना उत्पादक किसानों ने बताया कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना में गन्ना बेंचने वाले किसानो को सिर्फ जनवरी में एक भुगतान किया गया है उसके बाद से किसानो को भुगतान अप्राप्त है। जिससे किसानों को खेती किसानी के इस सीजन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परेशान किसानो ने बताया कि यह सीजन खेती किसानी का शुरूआती सीजन है और इस सीजन में किसानो सबसे ज्यादा धन राशि की जरूरत होती है जिससे वे खेतों की साफ सफाई, जोताई, खाद, बीज, कीटनाशक आदि की खरीदी करते हैं। लेकिन इस बार इन किसानो को समय पर गन्ना की फसल का भुगतान नहीं होने के कारण आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित किसानो ने बताया कि स्थिति ये है कि गन्ना फसल का भुगतान नहीं होने और आर्थिक तंगी के कारण किसानो को कृषि उपयोग के लिए यहां वहां से ब्याज पर कर्जा लेना पड़ रहा है। उन्होने कहा कि यह एक विषय परिस्थिति है कि किसान हित की बात करने वाले शासन प्रशासन की लचर व्यवस्था के चलते फसल बेंचने के पांच माह बाद भी भुगतान नहीं हो पा रहा है और किसानों को अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए कर्जा लेना पड़ रहा है। क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसान, शत्रुघ्न साहू, मुकेश साहू, रामचंद्र साहू, वीरू साहू, साहू ने शासन, प्रशान तथा कारखाना प्रबंधन से जल्द से जल्द भुगतान कराए जाने की मांग की है।



# 16 वें जन्मदिन पर लगाए 16 पौधे सभी से की पौधे लगाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

नगर में पर्यावरण के लिए कार्य करने वाली समिति पर्यावरण संरक्षण समिति के साथ शिक्षक जगन्नाथ तिवारी के सुपुत्र समर्थ तिवारी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर नए बाजार, बीईओ ऑफिस के सामने में कदम व कोनाकार्पस के 16 पौधा रोपित किए साथ ही उन्होंने पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी लोगों को हर महत्वपूर्ण अवसर पर पौधा लगाने की बात कही। समर्थ का 16 वा जन्मदिन 13 जून को था। जिसके अवसर पर उन्होंने रविवार को 16 पौधे लगाए। उनके पिता जगन्नाथ ने बताया कि वे हर वर्ष पौधा लगाते हैं तथा इस वर्ष से जितने वर्ष पूरे होंगे उतने पौधे लगाने का संकल्प लिया है। प्रतिवर्ष उम्र की संख्या के आधार पर पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने सभी लोगों से पौधे लगाने की अपील की है। इस अवसर पर समिति के मोहन सिंह राजपूत, अनुराग ठाकुर, गोविंद रजक, मुकेश कौशिक, गलीराम बंजारे, हमीद खान, जगन्नाथ तिवारी, मदनलाल साहू, श्यामू निषाद रामकुमार व बच्चे उपस्थित थे।

